हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 4 सितंबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 जिस दिन वसूली नहीं, वेतन नहीं, लोक ...



07 भारी बारिश से नदियां-नाले उफनाए, कई मार्ग बंद...



परमात्मा के समक्ष निर्वाण लाडू भी चढ़ाया गया

भगवान चंद्र प्रभु निर्वाण कल्याणक पर अभिषेक के साथ 108 पुष्पों से की परमात्मा की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

महापूजन का कार्यक्रम हुआ, आंगी रचना भी की गई



जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर तथा नगर में स्थित जैन मंदिर के मूल नायक परमात्मा चन्द्र प्रभु के निर्वाण कल्याणक पर जैन समाज द्वारा पहली बार धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत मंदिरजी में परमात्मा का संगीतमय भक्तामर के साथ अभिषेक कर 108 पुष्पों से लाभार्थी परिवार द्वारा पूजा की गई। विजय मुहूर्त में मंदिरजी में सनतिकरम महापूजन का कार्यक्रम रखा गया। कुमारपाल महाराज द्वारा 108 दीपों से परमात्मा की महाआरती की गई। मंदिरजी में परमात्मा की मनमोहक आंगी रचना की गई। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस वर्ष परम पूज्य कलिकुण्ड तीर्थो धारक प.पू.गुरुदेव राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा की आज्ञानुवर्ती प.पू.राजगुणा श्री जी म.सा आदि ठाणा 4 चातुर्मास चल रहा है। चातुर्मास के दौरान समाज में विभिन्न धार्मिक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। साध्वी मंडल की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में नगर में पहली बार मूलनायक भगवान चंद्रप्रभु निर्वाण कल्याणक पर गुरुवार प्रातः श्री चंद्रप्रभु स्वामी और श्री शांतिनाथ परमात्मा का संगीतमय भक्ताम्बर अभिषेक लाभार्थी सम्मेद शिखर तप के सभी तपस्वीयों द्वारा किया गया। समाजजनों द्वारा सभी तपस्वीयों की खूब खूब अनुमोदना की गई। अभिषेक के पश्चात 108 पुष्पों से परमात्मा की पुष्प पूजा लाभार्थी प्रकाशचंद रोहित कुमार सकलेचा परिवार द्वारा निर्वाण पद के संगीतमय मंत्रोच्चार के साथ की गई। तत्पश्चात परमात्मा के समक्ष निर्वाण लड्डू सम्मेद शिखर तप के तपस्वीयों द्वारा समर्पण किया गया। दोपहर 12:39 बजे विजय मुहूर्त में महामंगलकारी श्री संतिकरम महापूजन विधिकारक अरुण जैन एंड पार्टी, मंदसौर द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोचार के साथ संपन्न करवाई गई। महापूजन के लिए मंदिर जी में मांडले की रचना की गई थी जिस पर पूजन के दौरान विभिन्न प्रकार के फल, नैवेद्य आदि सामग्री चढ़ाने के साथ परमात्मा की अष्टप्रकारी पूजन की गई।

पूजन में मुख्य लाभार्थी बनने का लाभ रिना विरेन्द्र कुमार डॉ याशी फाफरिया परिवार पाटन द्वारा लिया गया था। जिनके द्वारा पूजन उपरांत आरती और शांति कलश भी किया गया। महापूजन के दौरान शांतिनाथ पूजन लाभार्थी - मोतीलाल हीरालाल बम परिवार द्वारा, 1 और 2 गाथा पूजन सुनिलकुमार संगीता चौधरी, नवपद पूजन प्रीति फ़ाफ़रिया जया तातेड, 3 और 4 गाथा पूजन मोनिका ठाकुरिया, मार्टिना ठाकुरिया परिवार द्वारा की गई। 16 विद्यादेवी पूजन मिनल सकलेचा,सलोनी कांठेड़,5 और 6 गाथा पूजन मंजू फाफरिया, सुमन फाफरिया, 24 यक्ष पूजन अंजू मुणोत 7 और 8 गाथा पूजन विधि रांका द्वारा की गई। 24 यक्षिणी पूजन सुष्मिता भंडारी,पायल श्रीमाल, 9 और 10 गाथा पूजन सुमित्रा सिंघवी,वर्षा ललवानी,11 ,12 और 13 गाथा पूजन सिरेमल सचिन तातेड़ परिवार द्वारा की गई। पूजन उपरांत प्रभावना का वितरण भी किया गया। सायं 7:00 बजे कुमारपाल महाराजा द्वारा परमात्मा की 108 दीपक से दिव्य आरती का कार्यक्रम हुआ। इसके पूर्व लाभार्थी शांतिलाल मनोज कुमार मयंक एवं उमंग फाफरिया परिवार अपने स्व निवास से सकल श्री संघ के साथ गाजे-बाजे से चल समारोह के रूप में जिनमंदिर जी पहुंचे। जहां परिवार जनों द्वारा समाज जनों के साथ परमात्मा की भावपूर्वक आरती की गई। रात्रि 8:00 बजे से आनंदमय प्रभु भक्ति का कार्यक्रम हुआ जिसमें राहुल परिहार एंड पार्टी, रतलाम द्वारा जैन भजनों पर आधारित स्तुति दी गई। भगवान के निर्वाण कल्याणक पर जिन मंदिरजी में परमात्मा की मनमोहक आंगी रचना सुरेश कुमार कांठेड़ रंगीला द्वारा की गई।

सांदीपनी कन्या उ.मा.विद्यालय में छात्रा परिषद् का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

सांदीपनी महारानी लक्ष्मीबाई शास. कन्या उ. मा. वि. मंदसौर में प्राचार्य राजेश रत्नावत की उपस्थिति में वर्ष 2026-2027 हेतु छात्रा परिषद का निर्वाचन कर गठन किया गया। सर्वप्रथम प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा कक्षा प्रतिनिधियों का निर्वाचन कराया गया तत्पश्चात सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों ने छात्रा परिषद का गठन निर्वाचन प्रक्रिया को अपनाते हुए किया। निर्वाचन में जो उम्मीदवार निर्वाचित हुए है उन्हें संस्था के प्राचार्य श्री राजेश रत्नावत ने छात्राओं को निर्वाचन प्रणाली का महत्व बताते हुए वयस्क मताधिकार पर प्रकाश डाला एवं चयनित छात्रा प्रतिनिधियों को बधाई दी एवं उनको विद्यालय की हर गतिविधि में बढ़ चढ़कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया। छात्रा परिषद में अध्यक्ष सलोनी पिता दिनेश सोनी, उपाध्यक्ष अंशिका पिता चितरंजन, सचिव मानसी पिता मुकेश, अनुशासन सचिव वर्षा पिता किशन, निया पिता सूरजमल, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सचिव फरहीन पिता सलीम, विज्ञान सचिव कुसुम पिता मुकेश, क्रीडा सचिव साधना पिता समर्थ, पर्यावरण सचिव भूमिका पिता विजय, हेमा पिता राकेश निर्वाचित हुई। निर्वाचन प्रक्रिया को संस्था के वरिष्ठ अध्यापक हामिद खान जैदी के मार्गदर्शन में जयंत तारे द्वारा सम्पन्न करवाया गया। निर्वाचन कार्य को संपन्न करवाने में सुरेश चन्द्र बोराना, आरती शर्मा, रचना आर्य, दीपश्री राठौर, रेणुका आचार्य, किरण परमार, जया सोनी, लोकेन्द्र शर्मा, आदि सभी स्टाफ सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन हामिद खान जैदी ने किया एवं आभार प्रदर्शन संस्था के व्याख्याता श्री सुरेश चन्द्र बोराना ने व्यक्त कर सभी निर्वाचितो को बधाई दी।

एथलेटिक्स तीन खिलाड़ियों का संभाग स्तर के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़



जिला स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 2 सितंबर को खेल एवं युवा कल्याण विभाग, आगर के तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कानड़ के पांच खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें से तीन खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ।विद्यालय के खेल शिक्षक गोपाल वर्मा ने बताया कि अंडर-19 वर्ग में सुनील सोलंकी का चयन 800 मीटर, 1500 मीटर, शॉटपुट, 4100 मीटर रिले तथा 4400 मीटर रिले रेस के लिए हुआ है। वहीं अयान शाह का चयन 4400 मीटर रिले रेस के लिए हुआ है। अंडर-17 वर्ग में राज का चयन ट्रिपल जंप स्पर्धा के लिए किया गया है। खिलाड़ियों के चयन पर विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत राठौर एवं समस्त विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की। खेल शिक्षक गोपाल वर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में चयनित खिलाड़ी आगर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए शालेय संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

शिक्षक दिवस पर होगा सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान

मन्दसौर। लायन्स क्लब मन्दसौर द्वारा 5 सितम्बर को भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जावेगा। लायन अध्यक्ष डॉ. के. सी. श्रीमाल ने बताया कि लायन्स क्लब का यह प्रमुख कार्यक्रम है, प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शासकीय नूतन हाईस्कूल सभागार मे शनिवार 5 सितम्बर को सेवानिवृत शिक्षकों के साथ प्रातः 9 बजे मनाया जावेगा। मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन चेयर पर्सन डॉ. देवेन्द्र पुराणिक ने जानकारी दी है कि मन्दसौर तहसील के निम्नानुसार सेवानिवृत शिक्षक सम्मानित होगे। सभी सेवानिवृत्त शिक्षक जो दिनांक 1 सितम्बर 2025 के पश्चात तथा दिनांक 31 अगस्त 2026 तक शासकीय सेवा से निवृत हुए है उन्हें सम्मान प्राप्त होगा। लायन सचिव मयूर सुराना ने सभी सेवा निवृत शिक्षको से ससम्मान निवेदन किया है कि वे इसे ही आमंत्रण मानकर इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ावे।

शासकीय महाविद्यालय में भगवान बलराम जयंती पर व्याख्यान माला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के परामर्श दाता एवं मेंटर महेश पाटीदार के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था के प्राचार्य डॉ.जी.एल.रावल की अध्यक्षता में भगवान बलराम जयंती के अवसर पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक संतोष कुमार कुमावत ने भगवान बलराम के जीवन, व्यक्तित्व, कृषि एवं श्रम संबंधों, वैष्णव संप्रदाय के चातुर्व्यूह पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि महेश पाटीदार ने भगवान बलराम से शक्ति, परिश्रम, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा लेने का संदेश दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. रावल ने बताया कि भगवान बलराम का व्यक्तित्व भारतीय संस्कृति में शक्ति, कृषि, श्रम और लोक जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण परंपराओं का प्रतिनिधित्व करता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती नागर ने किया तथा आभार डॉ. बलवंत सिंह दांगी ने माना। इस अवसर पर डॉ सुखदेव बैरागी, डॉ सर्वेश व्यास, डॉ सीमा तारे, डॉ सचिन शर्मा, डॉ आशीष कुमार वर्मा, जैनुल आब्दीन अजमेरी, डॉ गोपाल कुरील, महेंद्र सिंह गुजराती, अनिल प्रजापति, डॉ सुधा चाकरे सहित महाविद्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पूर्व सैनिक मुकेश गुर्जर ने 40वीं बार रक्त दान किया



नाहरगढ(मंदसौर)। देश भक्ति, मानव सेवा कि भवनाओं के साथ मंदसौर जिले के गांव पालड़ी के पूर्व सैनिक और मंदसौर सैनिक संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर (पालड़ी) ने आज 40 वीं बार रक्तदान करते हुवे बताया कि मेरा रक्त का एक कतरा देश का और देशवासियों का है । अहमदाबाद झालावाड़ इंदौर तक पहुंच कर उन्होंने कई बार रक्तदान किया ।अति दुर्लभ रक्त ग्रुप ओ नेगेटिव होने के चलते बहुत कम मिलता है। जिससे जहां आवश्यकता लगती है वहां पहुंच जाते है ।मुकेश गुर्जर के प्रयास से मंदसौर के सभी सैनिक साथ ही समाज के और गांव के युवा भी रक्तदान करते है आज भी उनके साथी पूर्व सैनिक दिलीप पाटीदार द्वारा रक्तदान किया । मंदसौर में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक रक्तदान के साथ अन्य समाजसेवी कार्य भी करते है पूर्व में कोराना कॉल के दौरान भी इनकी सेवाएं महत्वपूर्ण रही ।



सरस्वती शिशु मंदिर माधव कुंज में हुआ आयोजन

भक्ति व उल्लास के साथ मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के संरक्षण की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सरस्वती शिशु मंदिर माधव कुंज में गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य उत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। विद्यालय परिसर पूरे दिन जय श्रीकृष्ण के जयघोष एवं भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में नलखेड़ा शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष अरविन्द सिंघवी, समिति सदस्या श्रीमती कविता कुम्भकार दीदी, विद्यालय के पूर्व छात्र एवं अभिभावक मनीष चौबे तथा अरुण गोयल उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक प्रजापति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक एवं मनमोहक दृश्य तब देखने को मिला, जब विद्यालय के नन्हे-मुन्ने भैया-बहन भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी के मनमोहक स्वरूप में सज-धजकर विद्यालय पहुंचे। किसी ने नटखट कान्हा का रूप धारण किया तो कोई सुंदर राधा रानी के स्वरूप में सजी हुई थी। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार का मन मोह लिया। इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से संबंधित कारागृह लीला का अत्यंत सुंदर, जीवंत एवं भावपूर्ण मंचन किया गया। बच्चों की शानदार अभिनय प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस प्रस्तुति के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण की पावन कथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए भैया-बहनों द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण एवं उनके परम मित्र सुदामा की अमर मित्रता पर आधारित ह्लकृष्ण-सुदामाह्व नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस प्रस्तुति ने सच्ची मित्रता, प्रेम, समर्पण एवं आत्मीयता का प्रेरणादायक संदेश दिया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे भैया-बहनों का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया तथा भगवान श्रीकृष्ण की महाआरती संपन्न हुई। महाआरती के दौरान पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। इसके पश्चात सभी भैया-बहनों को प्रसाद एवं उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन सुश्री हर्षिता जैन दीदी द्वारा एवं आभार पूजा पाटीदार दीदी द्वारा व्यक्त किया गया।

खबर संक्षेप

इस्कॉन में तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आज से



देवास। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस्कॉन देवास में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव 4 सितंबर से 6 सितंबर 2026 तक श्रद्धा और उल्लास के साथ शामलात रोड महेश्वरी भवन में स्थित इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस) केंद्र में मनाया जाएगा। महोत्सव के प्रथम दिवस 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम, हरिनाम संकीर्तन, भजन, प्रवचन एवं भगवान श्रीकृष्ण का भव्य अभिषेक तथा मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 5 सितंबर को नंदोत्सव एवं श्रील प्रभुपाद अभिर्भाव दिवस के अवसर पर विशेष उत्सव एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 6 सितंबर को रविवार्य सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तों को श्रीकृष्ण की भक्ति, भगवद्गीता एवं आध्यात्मिक जीवन से संबंधित विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

वसूली लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश

जिस दिन वसूली नहीं, वेतन नहीं, लोक अदालत के लिए 5 करोड़ का लक्ष्य तय

निगम के विभिन्न करों की वसूली में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर निगमायुक्त ने दिखाई सख्ती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम के विभिन्न करों की वसूली में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर निगमायुक्त दलीप कुमार ने सख्त रुख अपनाया है। आयुक्त ने संपत्तिकर, जलकर, कचरा संग्रहण शुल्क सहित अन्य करों की वसूली की समीक्षा करते हुए लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले नाकेदारों एवं वसूलीकर्ताओं का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिस दिवस वसूली नहीं होगी, उस दिवस का वेतन भी आहरित नहीं किया जाएगा। निगमायुक्त कुमार ने बुधवार को निगम बैठक हॉल में कर वसूली की समीक्षा की। इस दौरान संपत्तिकर वसूली की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त की। संपत्तिकर वसूली के निर्धारित लक्ष्य को पूरा नहीं करने पर वार्ड क्रमांक 4, 5, 6, 8, 12, 15, 16, 17, 18, 19, 24, 28, 30, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 42 एवं 44 के नाकेदारों का वेतन आहरण नहीं किए जाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा कि संबंधित वार्डों के नाकेदार यदि आगामी लोक अदालत के पूर्व निर्धारित वसूली लक्ष्य पूरा कर लेते हैं तो उनका वेतन आहरित किया जाएगा। वसूली में तेजी लाने और बकायादारों से प्रभावी तरीके से राशि वसूलने के निर्देश भी दिए।

वसूली में पीछे रहने पर कार्रवाई

बैठक में जलकर वसूली की समीक्षा के दौरान भी इस माह निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं मिलने पर आयुक्त ने वार्ड उपयंत्रियों को सात दिवस के भीतर दिए गए वसूली लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 12, 13, 14, 28, 29, 30, 31, 33, 34, 37, 38, 39, 40 एवं 41 के वसूलीकर्ताओं का वेतन आहरण नहीं करने के निर्देश उपायुक्त वित्त दीपक पटेल एवं राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव को दिए गए। आयुक्त ने सभी वसूलीकर्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि कर वसूली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिस दिन वसूली नहीं होगी, उस दिन का वेतन नहीं दिया जाएगा।

कचरा शुल्क वसूली में सख्ती

कचरा संग्रहण शुल्क की वसूली में भी अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर निगमायुक्त ने नौ वसूलीकर्ताओं का वेतन रोकने के निर्देश दिए। वहीं चार वसूलीकर्ताओं की सेवा समाप्त करने के भी निर्देश उपायुक्त को दिए गए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि निगम के राजस्व में वृद्धि के लिए सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार वसूली करना अनिवार्य है। वसूली कार्य में लगातार लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

लोक अदालत का लक्ष्य तय

आयुक्त दलीप कुमार ने आगामी 12 सितंबर, शनिवार को आयोजित होने वाली लोक अदालत को लेकर भी वसूली लक्ष्य निर्धारित किया। लोक अदालत के माध्यम से कुल 5 करोड़ रुपए की वसूली का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी वसूलीकर्ताओं को बड़े बकायादारों से संपत्तिकर एवं जलकर की वसूली सख्ती से करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि लोक अदालत के पूर्व अधिक से अधिक बकायादारों से संपर्क कर कर वसूली की जाए, ताकि निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जा सके। नगर निगम की इस सख्ती के बाद कर वसूली से जुड़े कर्मचारियों पर लक्ष्य पूरा करने का दबाव बढ़ गया है। अब निगम प्रशासन की नजर आगामी लोक अदालत तक होने वाली वसूली की प्रगति पर रहेगी।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को मिला पुरस्कार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल द्वारा उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के आधार पर की गई बेंचमार्किंग में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित देवास को प्रदेश के तीन उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों में स्थान प्राप्त हुआ है।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए बैंक को यह सम्मान मंगलवार को मेला ग्राउंड, ग्वालियर में आयोजित बलराम जयंती महोत्सव एवं सहकारी कृषक समागम के अवसर पर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित देवास के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श आदित्य जैन को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया।बैंक द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक की गाइडलाइन के अनुसार सीआरएआर बनाए रखने, सकल एनपीए प्रतिशत, बैंक अमानत, निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध फसल ऋण वितरण, कम्प्यूटरीकरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को आधार बनाया गया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज योजना का भी शुभारंभ किया गया। योजना के अंतर्गत कृषक सदस्यों को खरीफ एवं रबी फसल के लिए ऋण एक ही बार में प्राप्त हो सकेगा। ऋण की देय अवधि ऋण प्राप्ति की दिनांक से 12 माह निर्धारित की गई है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री यादव ने ऑनलाइन किसान क्रेडिट कार्ड पोर्टल एवं कृषक कवच योजना का भी सिंगल क्लिक के माध्यम से शुभारंभ किया।

निगम में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व, सफाई मित्र दीदीयों ने बांधे रक्षा सूत्र

देवास। रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को नगर निगम के बैठक हॉल में समरसता के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर निगम की लगभग 150 सफाई मित्र दीदीयों एवं निगम कर्मचारी बहनों ने जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह बैस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल एवं पार्षद राहुल दायमा को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि रक्षा सूत्र भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। उन्होंने नगर निगम द्वारा किए जा रहे इस नवाचार को सराहनीय बताया।विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि निगम परिषद द्वारा प्रतिवर्ष सफाई मित्र दीदीयों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है। यह पर्व आपसी स्नेह और सुरक्षा के बंधन को मजबूत करता है।



नवागत जिला पंचायत सीईओ धुर्वे ने किया पदभार ग्रहण

देवास। जिले के नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत धुर्वे ने आज पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के तुरंत पश्चात वे माताजी टेकरी पहुंचे। वहां उन्होंने माताजी की टेकरी पहुंचकर मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा की पूजा अर्चना की तथा मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा से जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। जिला पंचायत में पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की और जिले में संचालित विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं व जारी निर्माण कार्यों की प्रारंभिक समीक्षा की। देवास में पदस्थापना से पूर्व धुर्वे टीकमगढ़ जिले में जिला पंचायत सीईओ के रूप में अपनी सफल सेवाएँ दे रहे थे।



जाम से निपटने बस, ऑटो और ई-रिक्शा संचालकों को 10 दिन की मोहलत, फिर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

त्योहार सीजन के दौरान शहर की सड़कों पर बढ़ने वाली भीड़ और यातायात जाम की स्थिति से निपटने के लिए परिवहन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। आरटीओ बरखा शुक्ला ने ट्रैफिक थाने में बस एसोसिएशन सहित ऑटो, मैजिक और ई-रिक्शा संचालकों की बैठक लेकर यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।बैठक में सभी वाहन संचालकों को 10 दिन की समयसीमा दी गई है। इस अवधि में उन्हें अपने वाहनों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज और औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। निर्धारित समय सीमा के बाद नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ ने बताया कि शासन स्तर पर वाहनों के लिए यूनिक कोड और कलर कोड की व्यवस्था की जा रही है। यूनिक कोड में वाहन नंबर के साथ चालक की जानकारी भी दर्ज रहेगी, जिससे सड़क पर संचालित वाहनों की आसानी से पहचान की जा सकेगी।आरटीओ बरखा शुक्ला ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए शहर में यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में बस, ऑटो, मैजिक और ई-रिक्शा को बीच सड़क या मनमाने स्थान पर रोककर सवारी बैठाने और उतारने से यातायात बाधित होता है और जाम की स्थिति बनती है।उन्होंने संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी वाहन केवल निर्धारित स्टॉपेज पर ही रुकें। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी और शहर की यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहेगी। परिवहन विभाग ने साफ कर दिया है कि संचालकों को नियमों और दस्तावेजों की पूर्ति के लिए 10 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद भी नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भौरासा में शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में आगामी त्योहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जन्माष्टमी, तेजा दशमी, डोल ग्यारस, गणेश उत्सव, अनंत चौदस सहित अन्य आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में नगरवासियों से अपील की गई कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। इस दौरान नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए बड़े वाहनों के आवागमन, सड़कों पर अस्थायी रूप से खड़े किए जाने वाले वाहनों और अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।थाना प्रभारी अनीता सिंह ने आगामी त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था एवं नगर की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से चर्चा की। उन्होंने सभी से सहयोग करते हुए त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की।बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, नगर परिषद उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार मनोज जोशी, अभय नागर, पार्षद भादर सिंह भाटिया, पूर्व पार्षद अजय यादव, राजेश लोधी, छोटू माली, विजय दरबार सहित अन्य नागरिक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

होम्योपैथी में पंजीकृत डॉक्टर कर रहे थे एलोपैथी से इलाज, धाकड़ क्लीनिक सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



पीपलरांवा में संचालित धाकड़ क्लीनिक में पंजीकृत चिकित्सा पद्धति से अलग एलोपैथी पद्धति से उपचार किए जाने का मामला सामने आया है। कलेक्टर ऋतु राज सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की तीन सदस्यीय टीम ने क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया।निरीक्षण के दौरान सामने आया कि क्लीनिक संचालक डॉ. राजकुमार धाकड़ का पंजीयन होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में है, जबकि क्लीनिक में एलोपैथी पद्धति से मरीजों का उपचार किया जा रहा था। सीएमएचओ कार्यालय के रिकॉर्ड में भी उनका पंजीयन एलोपैथी चिकित्सा पद्धति में दर्ज नहीं पाया गया।स्वास्थ्य विभाग ने पंजीकृत चिकित्सा पद्धति से अलग किसी अन्य पद्धति से उपचार किए जाने को गंभीर नियम उल्लंघन माना है। सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि मामले में मध्यप्रदेश नर्सिंग होम एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। डॉ. राजकुमार धाकड़ को संबंधित रिकॉर्ड के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

शराब दुकान के पास पर्दे की आड़ में चल रहा कथित अवैध अहाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



प्रदेश सरकार द्वारा अवैध अहातों और शराब पीने-पिलाने के अड्डों पर रोक लगाने के निर्देश दिए जाने के बावजूद बागली क्षेत्र में शराब दुकान के समीप कथित रूप से नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर की मुख्य शराब दुकान के पास पर्दे अथवा हरी मैट की आड़ में बैठकर शराब पीने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही यहां शराब पीने वालों का जमावड़ा लगने लगता है, जिससे विवाद और असामाजिक गतिविधियों की आशंका बनी रहती है।छतरपुरा सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार ने बताया कि शराब दुकान के आसपास से स्कूली बच्चों की नियमित आवाजाही होती है। वहीं बस स्टैंड और धार्मिक स्थल भी आसपास स्थित हैं, जिसके कारण महिलाओं और ग्रामीणों का इस मार्ग से लगातार आना-जाना रहता है।उन्होंने बताया कि शराब दुकान से होने वाली समस्याओं को लेकर पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी एवं संबंधित पुलिस अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत कराया गया था, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। मामले में आबकारी उप निरीक्षक रोहित मुकाती ने किसी भी स्थायी अहाते के संचालन से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि अहाता संचालन की अनुमति नहीं है।

यदि शराब दुकान संचालक द्वारा अस्थायी रूप से मैट या पर्दे लगाकर इस प्रकार की व्यवस्था की जा रही है अथवा वहां लोगों के बैठकर शराब पीने की स्थिति पाई जाती है तो मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी और अवैध व्यवस्था को हटवाया जाएगा।

कन्या विद्यालय में गूंजा भक्ति का उल्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



श्रीमती पांचूबाई वीरमाजी जाट शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों एवं उनकी शिक्षाओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने गीत, नृत्य सहित विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रीकृष्ण की लीलाओं और उनके जीवन संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्राचार्य चंद्रकांता बैस ने छात्राओं को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विजय चौधरी, जुबैद अंसारी, दिनेश मालवीय, प्रमिला मेहता, हेमलता सोलंकी, आराधना सिंह, सुमित तिवारी, शीतल गुप्ता एवं कविता जोशी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।अंत में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

मोदी के 25 वर्ष के नेतृत्व पर हर बूथ पर जलेगा आशीर्वाद का दीप

17 सितंबर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भाजपा जिला देवास की जिला कार्यशाला एवं जिला बैठक गुरुवार को गोकुल गार्डन, देवास में आयोजित हुई। मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाले सेवा संकल्प अभियान की जिला कार्यशाला एवं जिला कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी धनंजय शर्मा उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में आशीष शर्मा, डॉ. राजेश सोनकर, मनोज चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय बघेल, नंदकिशोर पाटीदार, बहादुर मुकाती एवं राजीव खंडेलवाल उपस्थित थे। सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला एवं बैठक की भूमिका पर प्रकाश भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने डाला। उन्होंने कहा कि मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने पर जिले के हर बूथ पर आशीर्वाद का एक दीप जलाया जाएगा। राजनीतिक प्रस्ताव पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने रखा। प्रस्ताव का समर्थन करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष नंदकिशोर पाटीदार ने किसान कल्याण वर्ष एवं किसानों के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। महिला सशक्तिकरण पर महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष माया पटेल ने आगामी समय में महिलाओं की सशक्त भूमिका को लेकर अपने विचार रखे। सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला एवं बैठक को विधायक आशीष शर्मा, डॉ. राजेश सोनकर एवं मनोज चौधरी ने भी संबोधित किया। सेवा संकल्प अभियान के प्रभारी बहादुर मुकाती ने अभियान के तहत चलने वाले 25 प्रकार के कार्यक्रमों की जानकारी दी।भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले करणीय कार्यों का उल्लेख किया। समापन भाषण जिला प्रभारी धनंजय शर्मा ने दिया तथा संगठनात्मक जानकारी दी। संचालन जिला महामंत्री मनीष सोलंकी ने किया तथा आभार जिला उपाध्यक्ष गौतमसिंह सिंह राजपूत ने माना।इस दौरान सेंधव ने अपील की कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं प्राथमिक सदस्य अपने घर पर आशीर्वाद का एक दीप जलाएं।

धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनकच्छ में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय, गौतम नगर भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक समरसता से जोड़ने का संदेश दिया गया।विद्यालय की प्राचार्य नयना पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का मनमोहक मंचन किया। गीता ज्ञान से जुड़े प्रसंगों पर नाट्य एवं नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मटकी फोड़ रहा। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मटकी फोड़ के दौरान श्रीकृष्ण के जयकारों से विद्यालय परिसर गूंज उठा और पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया।

खबर संक्षेप



सेहत सही, लाभ कई स्वास्थ्य शिविर आयोजित

ललितपुर। सेहत सही, लाभ कई कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक रेडियो ललित लोक वाणी 90.4 एफ.एम. परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जीरौन, बरखेरा, आलापुर, जाखलौन सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग पहुंचे जिनमें काफी संख्या महिलाओं की भी रही। ग्रामीणों ने शिविर में अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे बताया और विशेषज्ञों से जानकरियां साझा की तथा आवश्यक स्वास्थ्य जांचें भी कराई। शिविर के दौरान सोनम यादव, यशोदा देवी, गंगोत्री देवी एवं राजकुंवर अनुरुद्ध सिंह ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने, बीमारी के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज न करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उन्हें सही स्वास्थ्य जानकारी उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया। सामुदायिक रेडियो द्वारा सेहत सही, लाभ कई कार्यक्रम के माध्यम से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं जांच की सुविधा मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता बताई।

गाली-गलौज का विरोध करने पर मारपीट

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज का विरोध करना एक अधेड़ को भारी पड़ गया। पनारी सिद्धबाबा के पास आरोपियों ने घेरकर उसके साथ लाठी-डंडों और धारदार हथियार से मारपीट की। गंभीर रूप से घायल होने के बाद आरोपियों ने उसे मृत समझकर नाले में फेंक दिया और मौके से फरार हो गए। होश में आने पर पीड़ित ने अपने भाई को फोन कर घटना की जानकारी दी। मामले में पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रघुनाथपुरा निवासी देवेन्द्र पुत्र चन्नू कुशवाहा एक सितंबर की रात करीब 9.45 बजे अपने घर जा रहा था। आरोप है कि जब वह पनारी सिद्धबाबा के पास पहुंचा, तभी वहां पहले से मौजूद पप्पू, उसकी पत्नी लक्ष्मी, पुत्र विशाल तथा रघुनाथपुरा निवासी जगभान पुत्र चन्नू कुशवाहा ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज करने लगे। देवेन्द्र ने जब गाली देने का विरोध करते हुए आरोपियों को ऐसा करने से मना किया तो सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

सहरिया आदिवासियों की जमीन व जमानत को लेकर जांच की मांग

ललितपुर। सहरिया आदिवासी समुदाय की भूमि को कथित रूप से प्रलोभन, दबाव अथवा अन्य अनुचित माध्यमों से दूसरे व्यक्तियों के नाम हस्तांतरित कराए जाने तथा जिला कारागार में निरुद्ध बाहरी जनपदों एवं राज्यों के आरोपितों को आर्थिक प्रलोभन देकर स्थानीय स्तर पर जमानत दिलाए जाने की चर्चाओं को लेकर जिलाधिकारी से जांच की मांग की गई है। इस संबंध में अधिवक्ता इन्दयाल सिंह लोधी एवं पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने 3 सितंबर को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया है कि सहरिया आदिवासियों की भूमि को कथित रूप से प्रलोभन, दबाव अथवा अन्य माध्यमों से अन्य व्यक्तियों के नाम हस्तांतरित/दर्ज कराने की शिकायतें सामने आ रही हैं। साथ ही जिला कारागार में निरुद्ध बाहरी जनपदों एवं राज्यों के आरोपितों को आर्थिक प्रलोभन देकर स्थानीय स्तर पर जमानत दिलाए जाने की भी चर्चा है। दोनों मामलों की निष्पक्ष एवं गोपनीय जांच कराए जाने तथापुष्टि होने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की गई है। सहरिया की भूमि व हितों सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।

रामनगर-बड़ापुरा पुल पर तीन फीट ऊपर बह रहा पानी

भारी बारिश से नदियां-नाले उफनाए, कई मार्ग बंद, गढ़िया और सिद्धन के पुल डूबे

- आजादपुरा में 25 से अधिक घरों में घुसा पानी
- कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूल बंद किए गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुधवार रात करीब 11 बजे से लगातार हो रही तेज बारिश ने जनपद में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार बारिश के चलते शहजाद नदी, बयाना नाला और नदी समेत कई नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। कई पुलों के ऊपर से पानी बहने के कारण प्रमुख मार्गों पर आवागमन बंद हो गया है। वहीं शहर के कई मोहल्लों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

आजादपुरा में तुवन मंदिर के पीछे 25 से अधिक घरों में करीब तीन-तीन फीट पानी भरने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शहजाद नदी में उफान आने के कारण बांसी-बार मार्ग पर गढिय़ा गांव के पास स्थित पुल करीब दो फीट पानी में डूब गया, जिससे इस मार्ग पर आवागमन बंद हो गया है। पानी का बहाव तेज होने के कारण लोगों को पुल पार न करने की सलाह दी जा रही है। इसी तरह ललितपुर शहर में बयाना नाला भी उफान पर है। बयाना नाले का पानी बढऩे से ललितपुर-बुढवार मार्ग पर सिद्धन के पास स्थित पुल पानी में डूब गया, जिसके चलते मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो गया है। रामनगर से बड़ापुरा जाने वाले बयाना पुल के ऊपर से करीब तीन फीट पानी बह रहा है। खिरकापुरा स्थित बूढ़े बब्बा मंदिर के पास का पुल भी पानी में डूब गया है। वहीं मोहल्ला आजादपुरा में तुवन मंदिर के पीछे जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई। यहां 25 से अधिक घरों में करीब तीन फीट तक पानी भरने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते शहर की कई गलियां भी तालाब जैसी नजर आईं। जगह-जगह जलभराव ने नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। स्थानीय लोग जलभराव और बंद मार्गों की तस्वीरें एवं वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर प्रशासन का ध्यान समस्या की ओर आकर्षित कर रहे हैं।

जखौरा-तालबेहट मार्ग पर भी आवागमन प्रभावित

लगातार बारिश के कारण पिपरा से मनपुरा होते हुए जखौरा-तालबेहट मार्ग पर भी आवागमन प्रभावित हुआ है। पुलिया के ऊपर तेज गति से पानी बहने के कारण इस मार्ग से निकलना जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों ने राहगीरों से पानी के तेज बहाव के बीच पुलिया पार नहीं करने की अपील की है और प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। बुधवार रात से जारी बारिश का असर पाली-घटवार मार्ग पर भी देखने को मिला। घुंसी नदी का जलस्तर बढऩे से पुल के ऊपर से पानी बहने लगा, जिसके चलते जनपद को जोडऩे वाला यह महत्वपूर्ण मार्ग भी आवागमन के लिए बंद हो गया। मार्ग बंद होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारी बारिश और जलभराव को देखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के आदेश पर 3 सितंबर 2026 को कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश श्रीवास्तव ने जनपद के सभी संबंधित विद्यालयों को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। लगातार बारिश के चलते प्रशासन की ओर से लोगों से नदी, नाले और जलभराव वाले पुलों को पार न करने तथा अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने की अपील की जा रही है। स्थिति पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।

भाकियू टिकैत ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अतिवृष्टि से 80 फीसदी तक फसल बर्बाद, मुआवजे देने की मांग उठाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

लगातार बारिश और जलभराव से फसलों को हुए भारी नुकसान सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मंडल उपाध्यक्ष झांसी कीरत बाबा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने फसल नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर जिले को अतिवृष्टि प्रभावित घोषित करने और प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की। किसानों ने बताया कि लगातार बारिश और जलभराव के कारण जिले में मक्का, उड़द, मूंगफली समेत अन्य फसलों को करीब 80 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने प्रशासन से जल्द जांच और सर्वे कराकर किसानों को क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग की। ज्ञापन में चकबंदी में कथित गड़बडिय़ों का मुद्दा भी उठाया गया। किसानों का आरोप है कि चकबंदी के बाद लेखपालों द्वारा ग्राम सभा में किसानों के हिस्से में घट-बढ़ की गई, जबकि इसमें किसानों की कोई गलती नहीं है। इस संबंध में तहसील न्यायालयों में लगातार मुकदमे दायर किए जा रहे हैं। किसानों ने ऐसे मामलों पर रोक लगाने की मांग की। इसके अलावा तहसील तालबेहट में हदबंदी के नाम पर जमा कराए गए पैसे वापस कराने की मांग की गई। किसानों के अनुसार एक नंबर के लिए एक हजार रुपये बैंकों में जमा कराए गए थे, लेकिन करीब 15 हजार हदबंदी मामले खारिज हो गए। किसानों ने खारिज मामलों में जमा धनराशि वापस दिलाने की मांग की।

किसानों ने वर्ष 2024-25 में अतिवृष्टि और जलभराव से उड़द-मूंग की फसल को हुए नुकसान के बीमा भुगतान का मामला भी उठाया। ज्ञापन में कहा गया कि जिलाधिकारी की कार्रवाई में बीमा कंपनी की अनियमितता सामने आने की बात कही गई है। किसानों ने नुकसान की पूरी धनराशि ब्याज सहित दिलाने अथवा संबंधित बीमा कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। भाकियू ने जिले के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की भी मांग की। किसानों का कहना है कि इससे शिक्षकों के समय पर विद्यालय पहुंचने और जाने की निगरानी हो सकेगी तथा विद्यालयों में बच्चों को बेहतर एवं नियमित शिक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान शब्बीर खां, मानक लाल, मलखान सिंह, राजेंद्र, गिरवर नंद, प्रह्लाद, कीरत बाबा, रामदास (बाबा), शोभाराम सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

यूजीसी कानून वापस लेने व आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व सवर्ण समाज ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं सवर्ण समाज के तत्वावधान में गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम अपर जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित यूजीसी से संबंधित कानून को वापस लेने तथा आरक्षण व्यवस्था में आर्थिक आधार को प्रमुखता देने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि भारत सरकार द्वारा यूजीसी से संबंधित कानून को संसद में पारित कर लागू करने की तैयारी की जा रही है, जिसका सवर्ण समाज पर प्रतिकूल प्रभाव पडऩे की आशंका है। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि इस कानून के प्रावधानों के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे सवर्ण समाज के विद्यार्थियों को छोटी-छोटी बातों पर प्रताडऩा का सामना करना पड़ सकता है। इससे विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयां उत्पन्न होंगी। ज्ञापन में आरक्षण व्यवस्था में भी सुधार किए जाने की मांग की गई। संगठन का कहना है कि वर्तमान आरक्षण व्यवस्था का लाभ आर्थिक रूप से सक्षम लोग अधिक उठा रहे हैं, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि देश में गरीबी दूर करने के लिए आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा कर सभी वर्गों के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आर्थिक स्थिति के आधार पर आरक्षण का लाभ दिए जाने की दिशा में कानून में आवश्यक संशोधन किया जाना चाहिए। इस दौरान भगवत सिंह बैंस ने कहा कि यूजीसी से संबंधित प्रस्तावित कानून को वापस लिया जाना चाहिए और आरक्षण व्यवस्था में आर्थिक आधार को शामिल कर सर्व समाज के जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन दोनों विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व प्रधान सुखसाहब सिंह बुंदेला, शैलेंद्र जैन, जितेंद्र सिंह, अजय प्रताप सिंह तोमर, पुनीत देवलिया, भगवत सिंह बैंस, सम्राट राजा, चंद्रपाल सिंह परमार, अखंड प्रताप सिंह बुंदेला, शिवम अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

सरकारी अस्पतालों के कर्मचारियों ने डीएम को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

बीस साल से सेवा दे रहे सफाई कर्मचारियों ने मांगा निगम में समायोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले के सरकारी अस्पतालों में वर्षों से सेवाएं दे रहे सफाई कर्मचारियों और सुपरवाइजरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने यू.पी. सी.ओ.एस. निगम/एलएमएस पोर्टल पर समायोजन किए जाने के साथ ही समायोजन की प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी कर्मचारी को सेवा से न हटाने की मांग उठाई।

ज्ञापन सौंपने वाले कर्मचारियों ने बताया कि पुरुष अस्पताल, महिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज सहित विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सफाई व्यवस्था का कार्य करने वाले कर्मचारी पिछले 10 से 20 वर्षों से लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारियों के अनुसार, उन्होंने अलग-अलग समय में डेली वेज तथा विभिन्न ठेकेदार एजेंसियों के माध्यम से पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम किया है। वर्तमान में भी वे बीएसएस एजेंसी, लखनऊ के माध्यम से सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाए गए यू.पी. सी.ओ.एस. निगम में पुराने एवं अनुभवी कर्मचारियों को प्राथमिकता दिए जाने की व्यवस्था है। इसके बावजूद ललितपुर में लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों को निगम की व्यवस्था में समायोजित किए जाने के बजाय निजी एजेंसी के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि अनुभवी कर्मचारियों की जगह नए लोगों को मौका दिया जा रहा है, जिससे वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों ने कहा कि वह बेहद गरीब परिवारों से आते हैं और लंबे समय से इसी रोजगार के सहारे अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। यदि उन्हें सेवा से हटा दिया जाता है तो उनके सामने परिवार चलाने का गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप करते हुए वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों के हित में तत्काल निर्णय लेने की मांग की।



कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में मांग की कि 10 से 20 वर्षों से कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों एवं सुपरवाइजरों को निजी एजेंसी से हटाकर यू.पी. सी.ओ.एस. निगम/एलएमएस पोर्टल पर तत्काल समायोजित किया जाए। समायोजन की प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी कर्मचारी को नौकरी से न हटाया जाए। वर्षों से सेवा दे रहे अनुभवी कर्मचारियों के अनुभव और वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए उन्हें रोजगार में प्राथमिकता दी जाए। कर्मचारियों ने जिलाधिकारी से उनकी समस्याओं को शासन स्तर तक पहुंचाकर शीघ्र समाधान कराने की गुहार लगाई। उन्होंने उम्मीद जताई कि शासन और प्रशासन वर्षों से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों की स्थिति को देखते हुए उनके रोजगार की सुरक्षा और समायोजन को लेकर जल्द ठोस कदम उठाएगा। ज्ञापन देते समय कलकलत्ता देवी, नन्दनी, कमरी नीसा, कली, निखिल आदि मौजूद रहे।

संभव अभियान में लापरवाही पर कार्रवाई

बार-बिरधा की 32 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय रोका, 5 तक मांगा स्पष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

संभव अभियान 2026 के तहत निर्धारित कार्यों और लक्ष्यों में लापरवाही बरतने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बड़ी कार्रवाई की है। बाल विकास परियोजना बार और बिरधा की कुल 32 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का माह सितंबर 2026 का मानदेय अग्रिम आदेशों तक तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। संबंधित कार्यकत्रियों से कार्य में मिली कमियों को लेकर लिखित स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। विभागीय कार्रवाई से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में हड़कंप मचा है। बाल विकास परियोजना अधिकारी बार और बिरधा द्वारा प्रस्तुत आख्याओं के आधार पर जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय ने यह कार्रवाई की है। विभागीय समीक्षा में संभव अभियान 2026 के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण मानकों पर अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने की बात सामने आई। इनमें गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के वजन में वृद्धि की मॉनिटरिंग, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण तथा सैम श्रेणी के कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य प्रबंधन एवं उपचार जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। विभाग ने इसे संबंधित कार्यकत्रियों की कार्य के प्रति गंभीर उदासीनता और लापरवाही माना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी की ओर से संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाएं और मिली कमियों के संबंध में अपना लिखित स्पष्टीकरण 5 सितंबर तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराएं। निर्धारित समय सीमा में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर संबंधित के विरुद्ध और कठोर अग्रिम कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है। इस कार्रवाई की जिम्मेदारी संबंधित कार्यकत्री की होगी। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्रीय मुख्य सेविकाओं को भी मामले में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

बार बाल विकास परियोजना में कार्रवाई की जद में आई 19 कार्यकत्रियों में कुआतला-2 की गुलाबबाई, चकौरा-1 की कस्तूरी, चकौरा-2 की ममता देवी, विलाटा की उमा देवी, नीमखेरा की कमलेश राजा, सुनवाहा-1 की गायत्री देवी, सुनवाहा-2 की सावित्री देवी, सूरीखुर्द की लक्ष्मी देवी, मौगान-1 की रेनका, मथुराडांग की मालती, बरौदाडांग की रानी, अजनौरा की उमा देवी, गदयाना-1 की संध्या जैन, गदयाना-2 की विमला जैन, म्यांव की राममूर्ति, पारौन-2 की अतल कुंवर, पुरापाचौनी की सुखवती, टोड़ी-1 की कांन्ति और गदयाना-3 की देवेन्द सोनी शामिल हैं। वहीं, बिरधा बाल विकास परियोजना की 13 कार्यकत्रियों पर भी कार्रवाई की गई है। इनमें ऐरा-1 की किशोरी, रीछपुरा की आलोकिता, झरकौन की ममता, बिरारी-2 की सुधा, गढौली की रामबाई, डोगरा-3 की लक्ष्मी, बालाबेहट-5 की गोपी, बम्हौरीवंशा की कृष्णा, दुधई की अरूणा, राजगढ़ की सुशीला, सेमरा की गुडडी, सिंगेपुर की रामकली और सलैया की रामश्री शामिल हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि संभव अभियान के तहत निर्धारित स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी गतिविधियों में सुधार और लक्ष्यों की पूर्ति को गंभीरता से लिया जा रहा है।

सीसीटीवी में कैद, बकरी चोरी की बढ़ रही वारदात

कार सवार घर के बाहर से चार बकरियां ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना कोतवाली क्षेत्र के आजाद चौक स्टेट बैंक सिटी शाखा निवासी विकास पुत्र राकेश ने अपनी चार बकरियां चोरी होने के मामले में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बरामदगी की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि घटना के संबंध में कोतवाली में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अब तक बकरियों का पता नहीं चल सका है। बताया कि बीती 7 अक्टूबर 2024 की सुबह करीब सात बजे विकास की चार बकरियां घर के बाहर घूम रही थीं। इसी दौरान एक सफेद रंग की चार पहिया कार में कुछ अज्ञात लोग वहां पहुंचे। आरोप है कि कार सवारों ने पहले बकरियों को दाना डाला और उन्हें अपने पास बुलाकर कार में बैठा लिया। इसके बाद आरोपी बकरियों को लेकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, बकरियों को चोरी कर ले जाने की पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में



कैद हो गई थी। घटना की वीडियो फुटेज उसके पास अब भी सुरक्षित है, जिसे पुलिस को उपलब्ध कराया जा सकता है। विकास ने बताया कि घटना के संबंध में थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी चोरी हुई बकरियां बरामद नहीं हो सकी हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले में प्रभावी कार्रवाई कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों का पता लगाने तथा उसकी चारों बकरियां जल्द बरामद कराने की मांग की है।

पुरानी रंजिश में गाली-गलौज का आरोप

सत्संग में शामिल होने गए परिवार पर रिश्तेदारों ने किया हमला, मिर्च स्प्रे छिड़ककर की पिटाई

ललितपुर। तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के तोरण कॉलोनी स्थित ननुआ सत्संग में शामिल होने गए एक परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुरानी रंजिश और पारिवारिक विवाद के चलते सगे रिश्तेदारों ने परिवार के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान पति के चेहरे पर मिर्च स्प्रे छिड़कने और हाथ में काटने का भी आरोप लगाया गया है। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने और गुंडों से पिटवाने की धमकी दी। तहरीर पर तालबेहट पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला चौबयाना निवासी सुष्मिता वर्मा पत्नी दीपक वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 9 अगस्त की रात करीब नौ बजे अपने पति दीपक वर्मा और सास हेमलता वर्मा के साथ तोरण कॉलोनी स्थित ननुआ सत्संग में शामिल होने गई थीं। आरोप है कि इसी दौरान वहां रॉबिन वर्मा पुत्र स्व.हरदेव कुमार वर्मा और उसकी पत्नी इन्द्रमाला वर्मा भी पहुंच गए। दोनों ने पुरानी रंजिश और घरेलू विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी।

विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने परिवार के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान रॉबिन वर्मा ने दीपक वर्मा के चेहरे पर मिर्च स्प्रे छिड़क दिया तथा उनके हाथ में काट लिया। परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने और गुंडों से पिटवाने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों की ओर से पूर्व में भी उन्हें कथित रूप से फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जाती रही हैं। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच रिश्तेदारों के माध्यम से मामले को सुलझाने और आपसी सामंजस्य बनाने का प्रयास किया गया।

भारी बारिश के बीच अभाविप ने किया प्रदर्शन

मानकविहीन स्कूल-कोचिंग व लाइब्रेरी की जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारी बारिश के बावजूद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचे और विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। परिषद ने जनपद में संचालित मानकविहीन विद्यालयों, निजी कोचिंग संस्थानों तथा निजी लाइब्रेरी एवं रीडिंग रूम की जांच कर नियमों के अनुरूप कार्रवाई किए जाने की मांग की। ज्ञापन में अभाविप ने विद्यालयों की मान्यता और निर्धारित शैक्षिक मानकों के सत्यापन के साथ भवन की स्थिति, अग्नि सुरक्षा, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, पर्याप्त एवं पृथक शौचालय तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की। परिषद ने निजी कोचिंग संस्थानों के पंजीकरण, शुल्क व्यवस्था, उपलब्ध सुविधाओं और प्रचार-प्रसार की भी जांच कराने को कहा। इसके अलावा निजी लाइब्रेरी एवं रीडिंग रूम में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था, भवन की क्षमता, पर्याप्त प्रकाश एवं वेंटिलेशन, स्वच्छता, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कराने की मांग



रखी गई। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री निर्भय प्रताप ने कहा कि विद्यार्थियों के हित से जुड़े सात सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा गया है।

परिषद ने सात दिन के भीतर संबंधित संस्थानों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो अभाविप छात्रहित में बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि छात्रहित और सुरक्षा से जुड़े इन विषयों पर परिषद लगातार नजर रखेगी और आवश्यकता पडऩे पर आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। जिला संयोजक कृष्ण गोपाल शर्मा ने कहा कि भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का पहुंचना यह दर्शाता है कि विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों को लेकर गंभीर है। परिषद का उद्देश्य किसी संस्था का विरोध करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिले तथा सभी शिक्षण संस्थान निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित हों। ज्ञापन प्राप्त करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने अभाविप की मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित संस्थानों की जांच कराने तथा नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञापन में उठाए गए सभी बिंदुओं को नियमानुसार देखा जाएगा। इस मौके पर अभिषेक कुशवाहा, अंशुल, अंकित राजा, अनुष खटीक, ऋषभ तिवारी, ऋतिक कुशवाहा व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्रसंघ चुनाव की मांग, 2 घंटे चला प्रदर्शन

एनएसयूआई ने कलेक्ट्रेट घेराः पुलिस से झूमाझटकी, पानी की बौछार से खदेड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





मध्यप्रदेश में छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की मांग को लेकर गुरुवार दोपहर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंदसौर कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रदर्शन किया। पुलिस की बैरिकेडिंग पार कर कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंच गए और नारेबाजी की। कलेक्टर से मुलाकात नहीं होने पर कार्यकर्ता बाहर आए । इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच कई बार झूमाझटकी हुई। प्रदर्शनकारियों ने दो से तीन बार पुतला जलाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने हर बार बीच-बचाव कर पुतला छीनने का प्रयास किया। सिविल ड्रेस में तैनात पुलिसकर्मियों और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच भी धक्का-मुक्की हुई। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से पानी की बौछार कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया।

प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने मीडिया से चर्चा में बताया कि कार्यकर्ता कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे। उनकी मांग थी कि कलेक्टर पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को भेजें और छात्रसंघ चुनाव को लेकर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकार जल्द गजट नोटिफिकेशन जारी करें। उन्होंने मध्यप्रदेश में छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की मांग दोहराई। चौकसे ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने छात्रों पर लाठी चलाने की कोशिश की और उन्हें भगाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने उन लोगों को घेरकर बचाने की कोशिश की। चौकसे ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है।

दो घंटे चला प्रदर्शन

कलेक्ट्रेट घेराव, नारेबाजी, पुतला दहन के प्रयास, पुलिस से झूमाझटकी और पानी की बौछार के बाद करीब दो घंटे चला प्रदर्शन समाप्त हो गया। प्रदर्शन में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, जिला अध्यक्ष मंथन धनोतिया, विधायक विपिन जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष कुणाल पटवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कन्या शाला में हर्षोल्लास से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/मंदसौर



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भानपुरा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विविध सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी बाल लीलाओं, आदर्शों एवं भारतीय संस्कृति से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। छात्राओं ने श्रीकृष्ण एवं राधा के मनमोहक पात्रों का रूप धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इसके साथ ही पैरोडी, भाषण एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी एवं शिक्षक बालाराम गायरी द्वारा किया गया। विद्यालय की शिक्षिका ज्योति धाकड़ एवं सुनाक्षी वधवा द्वारा बालिकाओं को प्रशिक्षित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शेखर वधवा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन कर्म, कर्तव्य, प्रेम, नीति और धर्म का अद्भुत समन्वय है। उन्होंने छात्राओं से श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका रंजना साहू ने भी भगवान श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एकीकृत कन्या विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिक सतीश पाटीदार, आशा हरसोला, रंजना धाकड़, दितिशा शर्मा, मंजुला ठाई , वीरेंद्र लोहार, महेश उपाध्याय, जयंत वर्मा,सुरेश राठौर, नीलम लोहार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में सभी ने भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों एवं संदेश को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

धर्म सहनशीलता सिखाता है, हर परिस्थिति में मुस्कुराना सिखाता है : आचार्य श्री

मंदसौर। जीवन में धर्म क्या काम आता है यह प्रश्न कई बार हमारे मन में आता है धर्म करने, धर्म में रहने से क्या मिला यह प्रश्न भी हमारे मन मष्तिष्क में आता है जीवन में धर्म धर्म से कुछ मिला या नहीं लेकिन इतना जरूर मिलता है कि धर्म हर परिस्थिति में जीने की सहन करने की प्रेरणा देता है हर परिस्थिति में मुस्कुराने व कर्तव्य पथ पर बने रहने की प्रेरणा हमें धर्म से ही मिलती है। उक्त उद्गार प.पू. जैन आचार्य श्री अशोकसागरसूरिश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा में आर्यरक्षित तीर्थ धाम में आयोजित धर्मसभा में आचार्य श्री सागरचन्द्रसागरजी म.सा. ने कहे। आपने गुरुवार को यहां धर्मसभा में कहा कि धर्म हर जगह हमारे काम आता है। हमारी सहायता करता है जो धर्म में अडिग रहते हैं वो दुर्गति में नहीं जाते। धर्म में रहने वाला हर परिस्थिति में जीना जानता है। आपने कंधक मुनि का वृतान्त बताते हुए कहा कि जब राजा ने जैन मुनि कंधक की चमड़ी उतारने का आदेश दिया तो भी कंधक मुनि डिगे नहीं एवं इसी कारण मृत्यु के बाद वे मोक्षगति में गये।

जन्माष्टमीः सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान हुए कृष्णमय





हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई विद्यालय एवं सैनिक स्कूल मंदसौर के परिसरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भैया-बहिनों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनकी विभिन्न लीलाओं पर आधारित भव्य झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। झांकी में भैया-बहिनों ने अपने प्रभावी अभिनय के माध्यम से श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर कंस वध तक की संपूर्ण जीवन यात्रा को सजीव रूप प्रदान किया। प्रस्तुति की शुरुआत कंस के कारागार में देवकी-वसुदेव के यहाँ श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म एवं बंधनों के टूटने के दृश्य से हुई।

झांकी के माध्यम से श्रीकृष्ण की जीवन यात्रा को किया जीवंत

इसके पश्चात मथुरा से गोकुल आगमन, नंदोत्सव, नटखट कान्हा की माखन चोरी, गोपियों संग बाल लीलाएँ, महारास, कालिया मर्दन, सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण, कृष्ण-सुदामा मिलन तथा कंस वध जैसे प्रसंगों को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया।विशेष रूप से कृष्ण-सुदामा की मित्रता ने सच्चे स्नेह एवं मित्रता का संदेश दिया, वहीं कालिया मर्दन एवं कंस वध के माध्यम से धर्म की अधर्म पर विजय का संदेश प्रभावी रूप से उभरकर सामने आया।

भैया-बहिनों की इस सुंदर, भावपूर्ण एवं भक्तिमय प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को ह्यजय श्रीकृष्णह्व के जयघोष से कृष्णमय कर दिया। उपस्थित सभी ने विद्यार्थियों के अभिनय, रचनात्मकता एवं प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद दिया।

मोह हमें दुर्गति की ओर धकेलता है, इससे बचें मुनिश्री विरलविजयजी

मंदसौर। मानव जीवन में लोभ की प्रवृत्ति दुखों का कारण है कभी-कभी लोभ की प्रवृत्ति हमारे त्यागमय, वैराग्यमय जीवन को भी भ्रष्ट व पतित कर देती है। जीवन में कभी भी किसी भी वस्तु के प्रति मोह अर्थात राग की भावना नहीं रखनी चाहिए। वस्तु के प्रति राग (मोह) हमें दुर्गति की ओर धकेल सकता है, इसलिए जीवन में लोभ की प्रवृत्ति से सचेत रहें। उक्त उद्गार प.पू. जैन संत मुनिराज श्री विरलविजयजी म.सा. ने नई आबादी स्थित आराधना भवन में आयोजित धर्मसभा (व्याख्यान) में कहे। आपने गुरुवार को यहां धर्मसभा में कहा कि भिक्षुक जिसके पास कुछ नहीं है वह भी अपनी वस्तु के प्रति मोह रखता है, एक बर्तन भी वह छोड़ना नहीं चाहता। दूसरी ओर कई धनवान लोग जमीन-जायदाद, धन-संपत्ति, भौतिक सुख सब छोड़ वैराग्य धारण कर लेते हैं। कई बार वैराग्य वाले व्यक्ति के मन में भी किसी वस्तु के प्रति मोह उत्पन्न हो जाता है।

बालक-बालिका दोनों वर्गों में मंदसौर ने जीता खिताब

संभाग स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में मंदसौर का फिर रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



उज्जैन में आयोजित संभाग स्तरीय जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में मंदसौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में विजेता बनने का गौरव हासिल किया। मंदसौर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए पूरे प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम रखा। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में उज्जैन संभाग के 7 जिलों तथा बालिका वर्ग में 6 जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। सेमीफाइनल मुकाबले में मंदसौर ने बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में शाजापुर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में बालक वर्ग में मंदसौर ने उज्जैन को 4-0 से करारी शिकस्त दी, जबकि बालिका वर्ग में मंदसौर ने नीमच को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मंदसौर के लिए यह प्रतियोगिता इसलिए भी खास रही क्योंकि उज्जैन में मुकाबले चर्ट ग्राउंड पर आयोजित किए गए थे। अलग प्रकार के मैदान पर खेलने की चुनौती के बावजूद मंदसौर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में जीत हासिल की।बालक वर्ग में मंदसौर की ओर से लक्ष्य सकवाया ने चारों गोल किए। वहीं बालिका वर्ग में सराहना राठौर, काव्या काला एवं मधु चावड़ा ने एक-एक गोल कर टीम को 3-0 से शानदार जीत दिलाई।

टीम के साथ जनरल मैनेजर कीर्तिराज सिंह, कोच रवि कोपरगांवकर, वैभव चौरसिया, भरत सिंह, ओमप्रकाश गुर्जर, मीत चौहान, किरण कुमावत एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी तुषार परमार उपस्थित रहे।

दशपुर योग शिक्षा संस्थान का 20वां स्थापना दिवस साधकों ने हर्षोल्लास से मनाया

संस्था मंदसौर में योग की अलख जगा रही हैः राज्यसभा सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नगर के नूतन स्टेडियम स्थित योग भवन में दशपुर योग शिक्षा संस्थान का 20वां स्थापना दिवस अत्यंत उमंग और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने की। सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्रडुडु जैन और महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष नरेश चंदवानी भी मंचासीन थे।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने भगवान श्री कृष्ण के योगेश्वर रूप का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि भगवद्गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को योग का जो उपदेश दिया, वह मानव जीवन को दिशा देने वाला है। श्री कृष्ण योग की सर्वोच्च अवस्था के स्वामी हैं, इसीलिए वे योगीराज कहलाए। उनसे हम प्रेरणा लेकर। यह संस्था मंदसौर में योग की अलख जगा रही है। उन्होंने योग गुरू सुरेन्द्र जैन द्वारा नगरवासियों को निस्वार्थ भाव से स्वस्थ रहने की प्रेरणा देने के प्रयासों की सराहना की। पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने संस्थान की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि जिस उद्देश्य से यह भवन संस्थान को सौंपा गया था, योग गुरू सुरेन्द्र जैन और साधकों ने उसे पूर्णतः सफल बनाया है। संस्थान में आकर एक परिवार जैसा आत्मीय वातावरण महसूस होता है, जिससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मन की नकारात्मकता समाप्त हो जाती है। उन्होंने वर्तमान समय में निजी स्वास्थ्य के चलते युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य व भावनाओं से हो रहे खिलवाड़ पर गहरी चिंता भी जताई।

संस्थान के अध्यक्ष एवं योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने अपनी भावुक यात्रा को साझा करते हुए कहा कि कुछ साधकों से शुरू हुआ यह अभियान आज एक वटवृक्ष बन चुका है। योग के माध्यम से अनेक लोगों को असाध्य रोगों से मुक्ति मिली है। जब कोई पीड़ित व्यक्ति यहाँ आकर स्वस्थ और प्रसन्न होकर लौटता है, तो वही उनकी सबसे बड़ी आत्मीय खुशी होती है। कार्यक्रम के दौरान संस्थान द्वारा आयोजित योग बौद्धिक और योग कला स्पर्धाओं के विजेताओं को योग संस्था एवं प्रेमेन्द्र चौरड़िया परिवार ओर से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर योग गुरू सुरेन्द्र जैन का जन्मदिन होने से उपस्थित अतिथियों एवं साधकों ने उनका भावभिना अभिनंदन किया और साधकों ने योग से मिले अपने अनुभवों को मंच से साझा किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल, ब्रजेश जोशी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनोद डगवार, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े संदीप सोनी, संजय जैन श्वेता, अनिल चौधरी, राधेश्याम झंवर, रितेश भगत, अरिहंत जैन, एवं साधकगण उपस्थित थे।

रविदास जी ने सामाजिक भेदभाव को समाप्त कर समरस समाज के निर्माण का मार्ग दिखायाः सांसद

संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर सुवासरा एवं शामगढ मंडल में कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



650वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व एवं सांसद सुधीर गुप्ता, सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराना, भाजपा मंडल प्रभारी अनिल कियावत एवं दयाल रावत, अतिथि धीरज पाटीदार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्रसिंह चौहान, भाजपा नेता अजयसिंह चौहान, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन आटेला, मंडल अध्यक्षगण दिलीपसिंह तरनोद, नीलकमल मेहता के आतिथ्य में सुवासरा एवं शामगढ मंडल में कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। यात्रा में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने सामाजिक भेदभाव को समाप्त कर समरस समाज के निर्माण का मार्ग दिखाया।उनकी 650वीं जन्म जयंती वर्ष पर हमें उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। विधायक हरदीप सिंह डंग ने कहा कि गुरु रविदास जी का जीवन सामाजिक समरसता और मानव कल्याण के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को समान सम्मान और अधिकार देने का संदेश दिया। समरसता संकल्प अभियान के माध्यम से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक एकता को और मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दुर्गा विजय पाटीदार ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को एकता, प्रेम और समानता का संदेश दिया।

सारंगपुर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच

सारंगपुर। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने सारंगपुर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान भेरू दरवाजा क्षेत्र स्थित एक दुकान से करीब 8 किलो संदिग्ध घी जब्त कर उसका सैंपल लिया गया और नियमानुसार उसे नष्ट करवाया गया। वहीं, क्षेत्र की दूध डेयरी से भी दूध का सैंपल जांच के लिए लिया गया। जानकारी के अनुसार एसडीएम जय सोलंकी के नेतृत्व में खाद्य अधिकारी सुरेंद्र खत्री, नायब तहसीलदार रणधीर सिंह मीणा, कस्बा पटवारी शहजाद मंसूरी, आशीष पांडे एवं अंकित चैहान की टीम ने भेरू दरवाजा स्थित राघव राठौर की दुकान पर पहुंचकर घी की जांच की। जांच के दौरान घी संदिग्ध पाए जाने पर करीब 8 किलो घी जब्त किया गया। अधिकारियों ने घी का सैंपल सुरक्षित रखने के साथ शेष संदिग्ध घी को नष्ट करवाया। इसके बाद टीम ने भेरू दरवाजा स्थित पुष्पद दूध डेयरी पर भी जांच की और दूध का सैंपल लिया। विभाग द्वारा लिए गए सैंपलों को जांच के लिए भेजा जाएगा।

जन्माष्टमी विशेषः सैनिक पति के जम्मू में शहीद होने के बाद अपनाया कृष्ण भक्ति का मार्ग

चमत्कारः साध्वी की हथेलियों पर स्वतः प्रकट हो रहा माखन


जुगल किशोर पटेल ⏭ सीहोर

तुम मेरी गोपी हो... सपने में मिले कान्हा के इस एक वाक्य ने जिले की इछावर तहसील में स्थित मोलगा गांव की 53 वर्षीया सुनीता वर्मा (सुनीता बाई) की पूरी जिंदगी बदल दी। आस्था, भक्ति और चमत्कार के अनोखे संगम का केंद्र बना यह छोटा सा गांव आज पूरे प्रदेश में कौतूहल और श्रद्धा का विषय बना हुआ है। दावा है कि बीते 35 वर्षों से रोज सुबह 9 बजे जब साध्वी सुनीता बाई श्रीकृष्ण की पूजा और श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ कर उठती हैं तो उनकी हथेलियों में ताजा मक्खन स्वतः ही प्रकट हो जाता है।

इछावर के ग्राम मोलगा में सुबह से देर रात तक उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़ रात 12 बजे मचेगा जन्मोत्सव का उल्लास

वैवाहिक दुखों को भूल.. चुनी साध्वी की राह

साल 1990-91 में सुनीता जी का विवाह भोपाल के नरेला निवासी सीआरपीएफ जवान ओमप्रकाश वर्मा से हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद ही उनके पति जम्मू-कश्मीर में देश की सेवा करते हुए शहीद हो गए। पति के जाने के बाद और पारिवारिक परिस्थितियों के चलते उन्होंने पूर्णतः संन्यास ले लिया। वे अपने मायके मोलगा लौट आईं और ससुराल जाना छोड़कर पूरी तरह कान्हा के चरणों में समर्पित हो गईं। करीब 10 साल पहले उन्होंने अपने निजी खर्च से गांव में ही एक भव्य राधा-कृष्ण मंदिर का निर्माण करवाया, जहां रहकर वे अब साध्वी का जीवन व्यतीत कर रही हैं।



15 साल की उम्र से ही कान्हा की भक्ति में लीन सुनीता बाई बताती हैं कि बचपन में भगवान श्रीकृष्ण ने उनके सपने में आकर उन्हें अपनी गोपी बताया था। सुनीता बाई के अनुसार भगवान ने उनसे कहा था, सारी गोपियां मुझसे माखन छीनकर खाती थीं, इसलिए मैं तुम्हें माखन का वरदान देता हूं। उसी समय से जब भी वे लड्डू गोपाल का ध्यान लगाती हैं या भजन-कीर्तन करती हैं, उनकी दोनों हथेलियों पर ताजा मक्खन आ जाता है। इस मक्खन को वे वहां उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में बांट देती हैं।

दूर-दूर से खिचे चले आते हैं श्रद्धालु, लगा रहता है तांता

रोज सुबह 9 बजे होने वाली इस अनूठी पूजा और मक्खन प्रकटीकरण के दृश्य को देखने के लिए जन्माष्टमी ही नहीं, बल्कि आम दिनों में भी ग्राम मोलगा में भक्तों का मेला लगा रहता है। श्रद्धालु इसे भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का प्रत्यक्ष चमत्कार मानते हैं, वहीं आम लोग इसे अटूट श्रद्धा का प्रतीक मानते हैं। कारण चाहे जो भी हो, 53 वर्षीय साध्वी सुनीता बाई की यह निश्छल भक्ति आज हर किसी को हतप्रभ कर रही है।

घायल को जिला चिकित्सालय मंदसौर किया गया रेफर

भानपुरा में चार नकाबपोश हमलावरों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा

बुधवार 2 सितंबर की शाम 6:00 बजे जनपद कार्यालय तथा बीएसएनएल टावर के पास चार पहिया वाहन में आये चार नकाबपोश हमलावरों ने 36 वर्षीय विष्णु पुत्र स्वर्गीय सुभाष उपाध्याय पर अचानक लाठी डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। विष्णु उपाध्याय ने जिला चिकित्सालय मंदसौर से दूरभाष पर बताया कि मैं अपने तिजोरी कॉलोनी स्थित घर से बस स्टैंड कि ओर आ रहा था कि हमलावारों ने चार पहिया वाहन खड़ा कर मेरी मोटरसाइकिल को धक्का देकर गिरा दिया व मुझ पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। घायल विष्णु उपाध्याय ने हमलावरों ने नकदी रुपए व सोने की चैन भी लूट ली। नकाबपोश हमलावरों द्वारा हमले किए जाने से हमलावरों के नाम सामने नहीं आ पाए हैं तथा हमले की घटना की वस्तुस्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई,।घायल विष्णु उपाध्याय को तत्काल शासकीय चिकित्सालय भानपुरा लाया गया जहां से उसे प्रारंभिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय मंदसौर रेफर किया गया। शासकीय चिकित्सालय भानपुरा के डॉक्टर महेश गायरी ने बताया कि घायल के शरीर पर किसी धारदार हथियार के निशान नहीं पाए गए हैं, शरीर में अंदरूनी चोंटे लगी है। मामले की जांच कर रहे पुलिस थाना भानपुरा के उपनिरीक्षक एस आई बापू सिंह बामनिया ने बताया कि फरियादी विष्णु उपाध्याय के साथ मारपीट की घटना हुई है, संभवत मामला रुपये की लेनदेन का हो सकता हे।